आज तो बधाई बाजे श्याम धाम में

।। श्री श्याम जन्मोत्सव की लाख लाख बधाई ।।

आज तो बधाई बाजे

(बाबा श्याम जन्म महोत्सव पर विशेष)

आज तो बधाई बाजे , श्याम धाम में ,

श्याम धाम में ,श्याम धाम में ,खाटू धाम में बाजे -बाजे ....
देत बधाई अम्बा पार्वती माँ। लेत बधाई आज अहिलवती मां॥
पांडव कुल का चमका तारा ,ढोल नगारा बाजे ,बाजे-
आज तो बधाई....

देने बधाई ब्रह्मा विष्णु जी आये। शेष महेश गणेश जी आये॥
मात शारदा ,देव ऋषि ,नारद की वीणां बाजे ,बाजे-
आज तो बधाई....

देने बधाई सियाराम जी आये। कृष्ण कन्हैया राधा को लाये॥
हनुमान बजरंग बली संग ,संत भक्तजन नाचे। नाचे -
आज तो बधाई....

आज जन्मदिन कृष्ण-वपु का । खाटूपति श्याम प्रभु का॥
कहै "मधुप" बंट रही मिठाइयां ,श्याम जयकारा गाजे ,गाजे-
आज तो बधाई.... ।

कवि : सुप्रसिद्ध लेखक एवं संकीर्तनाचार्य श्री केवल कृष्ण **'मधुप'** (मधुप हरि जी महाराज) अमृतसर (9814668946)

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33197/title/aaj-to-badhaai-baaje-shyam-dham-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |